Bareilly, Sunday,
5 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext



# SRMS मेडिकल कालेज के दीक्षा समारोह में 427 स्टूडेंट्स को मिलीं उपाधियां

**रेडिएशन ओंकोलाजी की डा. संयमिता जैन और एमबीबीएस में 2019-2024 बैच छात्र डा. करण कालरा चुने गए ओवरआल टापर**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (4 Oct):** श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज और एसआरएमएस कालेज आफ नर्सिंग का 12वां दीक्षांत को शतिक प्रेक्षागृह में मनाया गया. इसमें गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रांज मेडल के साथ 427 विद्यार्थियों को उपाधियां और प्रशस्ति पत्र दिए गए. श्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग के 59 विद्यार्थियों को ट्राफी के साथ सर्टिफिकेट मिले. पीजी में रेडिएशन ओंकोलाजी की डा. संयमिता जैन और एमबीबीएस में 2019-2024 बैच छात्र डा. करण कालरा ओवरआल टापर चुने गए. दोनों को श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ 51,000-51,000 का नकद पुरस्कार भी दिया गया. हेल्थ रिसर्च विभाग के सेक्रेटरी एवं इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के डीजी डा. राजीव बहल ने दीक्षांत भाषण विद्यार्थियों ईमानदारी, सम्मान, प्रतिबद्धता, विनम्रता और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को मजबूती से थामे रखने का संदेश दिया.

## गेस्ट भी रहे मौजूद

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, नवाबगंज के विधायक डा. एमपी आर्या, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, डा. योगेश प्रसाद, बरेली कालेज के प्राचार्य डा. ओपी राय, डा. वंदना शर्मा, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, एसआरएमएस के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ऊषा गुप्ता, देविशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, प्राचार्य डा. जसप्रीत कौर, प्राचार्य डा. मुत्थू महेश्वरी, डा. आरपी सिंह, डा. बिंदु गर्ग, प्राचार्य प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता, डीन डा. शैलेश सक्सेना, वाइस प्रिंसिपल डा. रोहित शर्मा व डा. आयुषी शुक्ला रहीं.




एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने दीक्षांत समारोह कराया शुरू.

### डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए यादगार दिन

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने दीक्षा समारोह के आरंभ होने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि आज का दिन डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए यादगार दिन है. अपने मां-बाप का सम्मान करें, जिनकी बदौलत आप यहां तक पहुंचे. उन्होंने विद्यार्थियों को बेटे का पिता के प्रति प्यार और संकल्प को मेडिकल कालेज के जरिये समझाया. उन्होंने कहा कि वर्ष 1988 में जब मेरे पूज्य बाबू जी बीमार थे और उन्हें दिल्ली ले जाना पड़ा. तभी उन्होंने बरेली में मेडिकल कालेज की स्थापना का संकल्प लिया, जिससे किसी भी बेटे को अपने पिता के इलाज के लिए बरेली से बाहर न ले जाना पड़े. मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने विद्यार्थियों को दीक्षा दी और एनएमसी की शपथ दिलाई. उन्होंने ट्रस्ट की उपलब्धियों, सामाजिक कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी. दीक्षा समारोह में एमडी व एमएस के 66 विद्यार्थी, एमएससी नर्सिंग के पांच, एमएससी पैरामेडिकल के 36, एमबीबीएस के 99, नर्सिंग बीएससी के 106 और पैरामेडिकल के 119 विद्यार्थी शामिल रहे. अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विवि में एमडी जनरल मेडिसिन ब्रांच में पहला स्थान पाने वाले डा. शौविक दत्ता और एमडी रेस्पिरेटरी मेडिसिन में दूसरा स्थान पाने पर डा. वरुण गुप्ता को भी सम्मानित किया गया. छह मेधावी विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया. विभिन्न विषयों में टाप करने पर एमबीबीएस 2019- 2024 बैच के 25 विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र मिला. बीएससी नर्सिंग में सर्वाधिक अंक लाने पर हिमांशी (बैच 2019-2023) और रुपिंदर कौर (बैच 2020-2024) ने चंचल मेहरोत्रा गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया. एमएससी में सर्वाधिक अंक पाने वाली पैरामेडिकल की छात्रा सपना (बैच 2020), नंदिनी तिवारी (बैच 2021) और महक नाज (बैच 2022) ने भी श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया.